विद्याधनम् सर्वधनं प्रधानम्

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित

(मा.सं.वि.मं., भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्था)





# विवरणिका

(विशेष रूप से बिहार के अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के लिए)



# सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम



# अध्यक्ष की ओर से

प्रिय शिक्षार्थी,

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) में आपका स्वागत है जो विश्व का सबसे बड़ा मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान है। एनआईओएस मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत एक स्वायत्त संस्थान है जिसे पूर्व-स्नातक स्तर के शिक्षार्थियों की परीक्षा लेने और उत्तीर्ण शिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र देने का अधिकार प्राप्त है।

एनआईओएस माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक और आरंभिक स्तर पर शैक्षिक, व्यावसायिक और जीवन समृद्धि पाठ्यक्रम चलाता है।

बिहार प्राचीन काल में विशाल साम्राज्यों का केन्द्र रहा है, एवं देश की अर्थव्यवस्था के अनुसार वर्तमान में एक पिछड़ा राज्य होने के साथ-साथ अक्सर बाढ़ से जुझता हुआ राज्य है जिसके लिए एनआईओएस ने एक शानदार एवं प्रभावशाली कार्यक्रम की पहल की है।

इसके तह्त एनआईओएस, बिहार राज्य में अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। प्रशिक्षण तथा प्रमाणन के लिए 25 जून, 2015 को बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार ने अधिसूचना जारी की है।

इस कार्यक्रम का शानदार एवं विधिवत शुभारम्भ श्रीमती स्मृति ज़ूबिन ईरानी माननीया केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार के कर कमलों द्वारा दिनांक 31 अगस्त, 2015 को पटना में किया गया।

प्रशिक्षण के इस पाठ्यक्रम में एनआईओएस ने स्वास्थ्य एवं पराचिकित्सा के क्षेत्र में 'सामुदायिक-स्वास्थ्य' नामक एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य जन-समुदाय के बीच से कुशल जन-स्वास्थ्य कार्यकर्ता तैयार करना है, जो जन समुदाय को स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्वस्थ पर्यावरण, संतुलित आहार, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य देख-रेख सहित परिवार कल्याण आदि पर मनोवैज्ञानिक परामर्श दे सकें तथा उपयुक्त प्राथमिक उपचार करने में समर्थ हों।

बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी से प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार राज्य में लगभग चार लाख अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता हैं। बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान से अगले पाँच वर्षों के लिए प्रथम चरण में सभी 38 जिलों में अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण देने का प्रस्ताव रखा है।

इस संबंध में एनआईओएस ने यह विवरणिका तैयार की है। इस विवरणिका में आपको पाठ्यक्रम का विवरण, पाठ्यक्रम शुल्क, प्रवेश के लिए निर्धारित प्रक्रिया, मूल्यांकन प्रक्रिया और शिक्षार्थियों के लिए उपलब्ध सहायता सेवाएँ संबंधी जानकारी आदि उपलब्ध है।

मैं आपको आश्वस्त करना चाहूँगा कि इस विशाल एवं बहुचरणीय कार्यक्रम से बिहार की समस्त जनता लाभान्वित होगी और अधिक से अधिक लोग इस कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

मैं एक बार फिर एनआईओएस परिवार में आपका स्वागत इस आशा के साथ करता हूँ कि इस संस्थान में आपको अपनी पढ़ाई सार्थक और लाभदायक लगेगी और साथ ही आपके सफल और संतुष्टिदायक भविष्य के लिए बहुत सारी शुभकामनाएँ देता हूँ।

चन्द्र भूषण शर्मा

(चन्द्र भूषण शर्मा, आचार्य)
अध्यक्ष, एनआईओएस

# विषय - सूची


1. **एनआईओएस : एक परिचय** 1

    1.1 एनआईओएस की कार्य प्रणाली

    1.2 प्रमुख विशेषताएँ

2. **प्रवेश** 2-3

    2.1 प्रवेश प्रक्रिया

    2.2 प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज़

    2.3 निर्धारित तिथियाँ

    2.4 प्रवेश की पुष्टि

    2.5 पहचान पत्र की दूसरी प्रति

    2.6 पाठ्यक्रम शुल्क

    2.7 व्यक्तिगत संपर्क सत्र का समय

3. **अनुदेशन और प्रशिक्षण प्रक्रिया** 4

    3.1 स्व-अध्ययन सामग्री

    3.2 व्यक्तिगत संपर्क और प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

4. **मूल्यांकन** 5-6

    4.1 परीक्षा देने की स्वतंत्रता

    4.2 मूल्यांकन का माध्यम

    4.3 मूल्यांकन: कुछ विशेषताएँ

    4.4 परीक्षा और अन्य शुल्क

    4.5 उत्तीर्ण होने का मानदंड

    4.6 क्रेडिट संचयन

    4.7 सिद्धांत परीक्षा के अंकों की पुन: जाँच

    4.8 प्रमाणपत्र

**परिशिष्ट - क** (प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म) मूल प्रति

**परिशिष्ट - ख** (प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म) दूसरी प्रति

**परिशिष्ट - ग** (प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भरने हेतु निर्देश)

**परिशिष्ट - घ** (परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए आवेदन पत्र)

**शपथ पत्र**



# क्षेत्रीय निदेशक की ओर से

प्रिय शिक्षार्थी,

खाने और सोने का नाम ही जीवन नहीं है ! जीवन नाम है सदैव आगे बढ़ते रहने की लगन का।

शरीर को स्वस्थ्य रखना हमारा कर्तव्य है, नहीं तो हम अपने दिमाग को मजबूत एवं स्वच्छ नहीं रख पाएंगे। इसी आलोक में ग्रामीण जनता को प्रभावी, सक्षम एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का राष्ट्रीय लक्ष्य है– 'सभी के लिए स्वास्थ्य'। तीव्रता से जनसंख्या में वृद्धि, गरीबी, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा का अभाव एवं चिकित्सकों की कमी आदि के कारण अनवरत यह महसूस किया गया कि जन–समुदाय में से उन संभावित शिक्षार्थियों को औपचारिक रूप से प्रशिक्षित किए जाने की आवश्यकता है जो ग्रामीण क्षेत्रों, अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों आदि में महत्वपूर्ण सहयोग देकर उपयुक्त देखरेख कर सकें और जन–समुदाय को उचित परामर्श व प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करा सकें। साथ ही आवश्यकता पड़ने पर ये प्रशिक्षणार्थी राज्यों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी करके एक बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर सकते हैं।

सभी शक्ति आपके भीतर है, आप कुछ भी और सब कुछ कर सकते हैं।

तीव्रता से विकसित होते कर्म क्षेत्र के विस्तार के साथ–साथ नई–नई क्षमताओं को सीखना अत्यावश्यक हो गया है। ऐसे वातावरण में व्यावसायिक शिक्षा ने अपना महत्वपूर्ण स्थान बना लिया है। व्यावसायिक शिक्षा, शिक्षा प्रणाली की एक अभिन्न धारा है जिसके द्वारा युवकों को प्रशिक्षण और उनकी क्षमताओं को विकास प्रणाली में, माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर महत्वपूर्ण बिन्दु है। आज की शिक्षा पद्धति के अनुसार इसी के बाद उच्च शिक्षा या व्यावसायिक शिक्षा या कर्म क्षेत्र की दुनिया में प्रवेश होता है।

संभव की सीमा जानने का केवल एक ही तरीका है, असंभव से भी आगे निकल जाना।

स्वास्थ्य एवं पराचिकित्सा के क्षेत्र में राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार के सहयोग से 'सामुदायिक स्वास्थ्य' में प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य जन–समुदाय के बीच से कुशल सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता तैयार करना है, जो जन समुदाय को स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्वस्थ पर्यावरण, संतुलित आहार, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य देख–रेख सहित परिवार कल्याण आदि पर मनोवैज्ञानिक परामर्श दे सकें तथा उपयुक्त प्राथमिक उपचार करने में समर्थ हो।

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, का एक मात्र ऐसा संस्थान है जिनका मुख्य उद्देश्य समाज में उन विशेष समुदायों को शिक्षा की मुख्य धारा में लाना है जिसके अंतर्गत बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले लोग हैं तथा ऐसे समुदाय जो समाज द्वारा उपेक्षित है। जैसे–गाँव के नवयुवक/युवती, शहर में रहने वाले निर्धन, बालिकाएँ, मुस्लिम समाज की महिलाएँ, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति, अक्षम एवं भूतपूर्व सैनिक, जिन्हें दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं कौशल प्रदान करना निहित है। अगर लगने लगे कि लक्ष्य हासिल नहीं हो पाएगा, तो लक्ष्य को नहीं अपने प्रयासों को बदलें। जितना बड़ा संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी।

इसी विश्वास के साथ एन.आई.ओ.एस. में आपका स्वागत है।



संजय कुमार सिन्हा
क्षेत्रीय निदेशक, एनआईओएस.
क्षेत्रीय केन्द्र, पटना, बिहार

# 1 एनआईओएस : एक परिचय

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की स्थापना सन् 1989 में एक स्वायत्त संस्था के रूप में भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा की गई। सन् 2002 तक इसे राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय कहा जाता था।

एनआईओएस दूरस्थ और मुक्त शिक्षा विधियों का प्रयोग कर पढ़ने के इच्छुक लोगों का बेहतर भविष्य बनाने के लिए शिक्षा के अवसर प्रदान करता है। एनआईओएस का मिशन *सबके लिए शिक्षा* प्रदान करना है तथा बालिकाओं और महिलाओं, ग्रामीण युवाओं, कामकाजी लोगों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, शारीरिक और मानसिक दृष्टि से अक्षम और अन्य सुविधा वंचित वर्गों को शिक्षित करना इसकी विशेष प्राथमिकता है।

## 1.1 एनआईओएस की कार्यप्रणाली

- एनआईओएस 20 क्षेत्रीय केन्द्रों, 1 उप क्षेत्रीय केन्द्र, 1 प्रकोष्ठ, मुख्यालय में पाँच विभागों और भारत, नेपाल तथा मध्यपूर्व में फैले हुए 6000 से अधिक प्रत्यायित संस्थाओं (एआई), जिनमें 1370 से अधिक प्रत्यायित व्यावसायिक संस्थाएँ (Accredited Vocational Institutions, AVIs) (एवीआई) भी शामिल हैं, के एक नेटवर्क के माध्यम से कार्य करता है।
- एनआईओएस शारीरिक और मानसिक रूप से अक्षम लोगों, सामाजिक और भौगोलिक दृष्टि से दरकिनार किए गए और सुविधा वंचित वर्गों, जैसे – सड़क पर रहने वाले बच्चों, कामकाजी बच्चों, ग्रामीण महिलाओं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजातियों के लिए, वंचितों की शिक्षा के लिए कुछ विशेष प्रत्यायित संस्थाएँ चलाता है।
- शिक्षार्थियों को स्व–अध्ययन सामग्री दी जाती है, जिसमें मुद्रित सामग्री तथा ऑडियो और वीडियो कार्यक्रम शामिल हैं।
- एवीआई द्वारा व्यक्तिगत सपंर्क कार्यक्रम (पीसीपी) आयोजित किया जाता है।
- एनआईओएस ने मुक्त विद्या वाणी द्वारा 'वेब रेडियो' कार्यक्रम आरंभ किया है जिसके माध्यम से भी पढ़ाई करवाई जाती है।

## 1.2 प्रमुख विशेषताएँ

- **कोई आयु सीमा नहीं :** एनआईओएस के पाठ्यक्रमों में पंजीकरण के लिए कोई अधिकतम आयु सीमा नहीं है। फिर भी, माध्यमिक पाठ्यक्रमों और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए न्यूनतम आयु 14 वर्ष है और उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रमों के लिए 15 वर्ष और कुछ पाठ्यक्रमों के लिए 18 वर्ष है। (प्रवेश के वर्ष की 31 जुलाई को अथवा उससे पहले पूरे किए हों)
- **अध्ययन का माध्यम चुनने की सुविधा :** एनआईओएस अपने पाठ्यक्रम मुख्य रूप से हिन्दी, अंग्रेज़ी और उर्दू माध्यम में चलाता है। तथापि, शिक्षार्थी अपनी परीक्षाएँ भारतीय संविधान में शामिल किसी भी भारतीय भाषा में लिख सकते हैं।
- **पंजीकरण की वैधता :** आप अपना पाठ्यक्रम पंजीकरण के वर्ष से अधिकतम **पाँच वर्ष** की अवधि में पूरा कर सकते हैं।
- **परीक्षा में सुविधाएँ :** आप **पाँच वर्षों** की अवधि में अधिकतम **नौ बार** सार्वजनिक परीक्षा में बैठ सकते हैं।

**एनआईओएस, सीबीएसई एवं सीआईएससीई की तरह एक राष्ट्रीय बोर्ड है। यह स्कूली स्तर के पाठ्यक्रमों के लिए भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त शिक्षा संस्थान है तथा परीक्षा लेने और प्रमाण पत्र प्रदान करने के लिये अधिकृत है।**

# 2 प्रवेश

'सामुदायिक स्वास्थ्य' में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम के तहत एनआईओएस, बिहार राज्य में अप्रशिक्षित स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षण प्रदान करेगा। प्रशिक्षण तथा प्रमाणन के लिए 25 जून, 2015 को बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसाइटी के साथ एक समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार ने अधिसूचना जारी की है। प्रशिक्षण के इस पाठ्यक्रम में एनआईओएस ने स्वास्थ्य एवं पराचिकित्सा के क्षेत्र में 'सामुदायिक-स्वास्थ्य' नामक एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ किया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य जन-समुदाय के बीच से कुशल जन-स्वास्थ्य कार्यकर्ता तैयार करना है, जो जन समुदाय को स्वास्थ्य, स्वच्छता, स्वस्थ पर्यावरण, संतुलित आहार, मातृत्व व शिशु स्वास्थ्य देख-रेख सहित परिवार कल्याण आदि पर मनोवैज्ञानिक परामर्श दे सकें तथा उपयुक्त प्राथमिक उपचार करने में समर्थ हों।

सामुदायिक स्वास्थ्य पाठ्यक्रम में प्रवेश सितम्बर तथा अक्तूबर के माह में खुला है। इस पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम आयु सीमा कम से कम 15 वर्ष तथा अधिकतम आयु की कोई सीमा नहीं है। चूँकि स्थान सीमित हैं, इसलिए प्रवेश **'पहले आओ पहले पाओ'** के आधार पर किया जाता है।

## 2.1 प्रवेश प्रक्रिया

इस विवरणिका में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म **परिशिष्ट 'क' एवं 'ख'** में दिए गए हैं। कृपया इन्हीं आवेदन फॉर्मों – मूल प्रति एवं



दूसरी प्रति को ही भर कर जमा करें। आवेदन फॉर्म की फोटो प्रति का प्रयोग नहीं किया जा सकता, परन्तु आप एनआईओएस की वेबसाइट **www.nios.ac.in** से आवेदन फॉर्म डाउनलोड भी कर सकते हैं। आवेदन फॉर्म भरने से पहले कृपया **परिशिष्ट 'ग'** में दिए गए निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्य पढ़ें।

**कोई भी आवेदन फॉर्म सीधे एनआईओएस के नोएडा स्थित मुख्यालय में सीधे अथवा डाक से स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

## 2.2 प्रवेश के लिए आवश्यक दस्तावेज़ एवं आवेदन फॉर्म जमा करने के लिए निर्देश

भरे गए आवेदन फॉर्म और पाठ्यक्रम शुल्क तथा आवश्यक दस्तावेज़ों को आप उसी एवीआई या क्षेत्रीय केन्द्र, पटना में ही जमा करें, जहाँ आप प्रवेश लेना चाहते हैं।

| *मदें* | *आवश्यक दस्तावेज़* |
|---|---|
| **शैक्षिक योग्यताएँ** | माध्यमिक के मामले में मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी प्रमाणपत्र तथा कम से कम स्वास्थ्य के क्षेत्र में तीन वर्षों का अनुभव। |
| **आयु प्रमाण** | पिछले विद्यालय के प्रवेश रजिस्टर से जन्मतिथि प्रमाण-पत्र (विद्यालय छोड़ने संबंधी प्रमाणपत्र/स्थानांतरण प्रमाणपत्र) **अथवा** 26.01.1989 के बाद जन्मे व्यक्ति के लिए नगर निगम प्राधिकरण, रजिस्ट्रार, जन्म और मृत्यु कार्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अस्पताल द्वारा जारी प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति ***''अथवा*** माता-पिता अथवा अभिभावक द्वारा शपथ पत्र जो प्रथम श्रेणी/सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट द्वारा सत्यापित हो।'' |
| **स्थायी पता का प्रमाण** | (राशन कार्ड/ आधार कार्ड/ चुनाव पहचान पत्र/ ग्राम पंचायत अधिकारी/ जिला परिषद्/ ब्लॉक डेवलपमेंट अधिकारी/ एसडीएम/राजपत्रित अधिकारी अथवा सक्षम सरकारी कार्यकर्त्ता द्वारा दिया गया प्रमाणपत्र) |



## 2.3 निर्धारित तिथियाँ

किसी भी पाठ्यक्रम में अनिवार्य अध्ययन पूरा होने पर शिक्षार्थी को अगली अथवा आगामी परीक्षाओं में बैठने की अनुमति दी जाएगी।

परीक्षा के उद्देश्य से योग्यता को निर्धारित करने हेतु निर्धारित तिथियाँ *31 अक्तूबर होगी।*

## 2.4 प्रवेश की पुष्टि

आपका प्रवेश अस्थायी होगा, जिसकी पुष्टि एनआईओएस द्वारा आपके एवीआई या क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के माध्यम से पहचान पत्र जारी करके की जाएगी।

कृपया अपने प्रवेश संबंधी विवरण की अच्छी तरह से जाँच कर लें। यदि कोई गलतियाँ हों, तो उनकी सूचना तुरंत अपने अध्ययन केन्द्र जिसे प्रत्यायित व्यावसायिक संस्था (Accredited Vocational Institution, AVI) (एवीआई) कहा जाता है, को दें। आप अपने पहचान पत्र को सँभालकर रखें, क्योंकि परीक्षाओं के दौरान यह "हॉल टिकट" के रूप में भी काम आता है।

## 2.5 पहचान पत्र की दूसरी प्रति

यदि मूल पहचान पत्र खो जाता है, तो आपको पहचान पत्र की दूसरी प्रति दिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए आप संबंधित पुलिस स्टेशन में एक एफ.आई.आर. दर्ज कराएँ। फिर संबंधित क्षेत्रीय प्रमुख को एक सादे कागज पर आवेदन करें और निम्नलिखित कागज़ात संलग्न करें–

1. एफ.आई.आर. की प्रति
2. रु. 100/– (सौ रुपए केवल) का एक बैंक ड्राफ्ट जो कि सचिव, एनआईओएस (Secretary, NIOS) के पक्ष में हो तथा पटना में देय हो।
3. एक पासपोर्ट आकार का फोटो, और
4. आवेदन फॉर्म पर किए गए आपके हस्ताक्षर का नमूना, जिसे आपके एवीआई के समन्वयक द्वारा सत्यापित किया गया हो।

## 2.6 पाठ्यक्रम शुल्क

'सामुदायिक स्वास्थ्य' में प्रमाणपत्र कार्यक्रम के लिए देय पाठ्यक्रम शुल्क रु. 5000/– है। **इस पाठ्यक्रम शुल्क में पंजीकरण, पहचान पत्र, अध्ययन सामग्री, संपर्क कक्षाएँ, प्रायोगिक प्रशिक्षण के शुल्क सम्मिलित हैं।**

पाठ्यक्रम शुल्क उस प्रत्यायित व्यावसायिक संस्था (एवीआई) को बैंक ड्राफ्ट के रूप में प्रवेश फार्म के साथ में दिया जाना चाहिए, जहाँ आप प्रवेश ले रहे हैं। बैंक ड्राफ्ट 'सचिव, एनआईओएस' (Secretary, NIOS) के पक्ष में दिया जाना चाहिए। क्षेत्रीय केन्द्र या एवीआई इसके लिए आपको शुल्क प्राप्ति की रसीद देगा।

## 2.7 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (Personal Contact Programme - PCP) का समय

व्यावसायिक कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (PCP) की अवधि दी गई है। **एवीआई को सिद्धांत तथा प्रयोग कक्षाओं के लिए पूर्व निर्धारित अवधि (घंटों) को पूरा किए जाने संबंधी एक प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। परीक्षा में बैठने से पहले शिक्षार्थियों को इन कक्षाओं में उपस्थित होना जरूरी है।**

कार्यस्थल पर प्रयोग सत्र के आयोजन की व्यवस्था की जाती है। 'सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाण पत्र कार्यक्रम' के लिए सैद्धांतिक में 100 घंटों और प्रायोगिक में 300 घंटों का अध्ययन समय सुनिश्चित किया गया है।

**आपका प्रवेश रद्द किया जा सकता है अगर :**

- आपका आवेदन पत्र अधूरा भरा गया हो
- आपने कम शुल्क जमा किया हो
- आपकी आयु निर्धारित सीमा से कम हो
- आवश्यक शैक्षिक योग्यता न हो
- आयु, योग्यता अथवा अनुभव से संबंधित आवश्यक कागजात संलग्न न हों
- या फिर कोई अन्य विसंगति पाई गई।

**प्रवेश रद्द होने की स्थिति में जमा किया गया शुल्क वापस नहीं किया जाएगा।**

# 3 अनुदेशन और प्रशिक्षण प्रक्रिया

एनआईओएस आपको अपनी गति और सुविधा के अनुसार पढ़ाई की सुविधा देता है। एनआईओएस की अध्ययन प्रक्रिया के अंतर्गत स्व-अध्ययन वाली मुद्रित पुस्तकें, व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (PCP), प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम, श्रव्य-दृश्य कार्यक्रम और जहाँ ज़रूरी हो, वहाँ लिखित कार्य करना शामिल है।

## 3.1 स्व अनुदेशनात्मक अध्ययन सामग्री

एनआईओएस आपको विशेषज्ञों द्वारा विशेष रूप से तैयार की गई स्व-अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराएगा। इससे आपको स्वयं पढ़ाई करने में मदद मिलेगी।

- आपको अध्ययन सामग्री अपने एवीआई या क्षेत्रीय कार्यालय, पटना से प्राप्त होगी।
- अध्ययन सामग्री के लिए अतिरिक्त भुगतान न करें।

यदि अध्ययन सामग्री प्राप्त नहीं होती तो निम्नलिखित से संपर्क करें:

**राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान**
**क्षेत्रीय कार्यालय**
**ललित भवन, निचली मंजिल**
**जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड)**
**पटना - 800 001 बिहार**
**फोन नं. : 0612-2545051, 0612.2545470 (फैक्स)**
**ई-मेल: rcpatna@nios.ac.in**

## 3.2 व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम और प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम

आपका एवीआई (अध्ययन केन्द्र) आपके कौशल को विकसित करने के लिए निर्धारित संख्या में व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम और प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करेगा। इसके लिए आपसे प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए आवश्यक घंटों की उम्मीद की जाती है ताकि:

- आप आवश्यक कौशल और क्षमता विकसित करने के लिए प्रयोग करेंगे;
- स्वयं सीखते हुए जो संदेह और समस्याएँ आपके सामने आई हैं, उन्हें दूर करेंगे;
- अपने एवीआई अनुदेशकों द्वारा अपने प्रायोगिक पोर्टफोलियो/कार्य की जाँच कराएँगे;
- अन्य शिक्षार्थियों के साथ अपनी अध्ययन संबंधी समस्याओं पर विचार-विमर्श करेंगे;
- यदि आपके एवीआई में संबंधित वीडियो फिल्में, सीडी उपलब्ध हों, तो उन्हें देखेंगे;
- कार्यस्थल पर प्रशिक्षण अथवा शिक्षुता की सुविधाओं के बारे में पता लगाएँगे।

आपको सलाह दी जाती है कि कौशल प्राप्त करने के लिए सभी संपर्क कार्यक्रमों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में हिस्सा लें।

### एनआईओएस में पढ़ाई कैसे

1. आप यह अच्छी तरह से समझ लें कि एनआईओएस उस प्रकार का नियमित विद्यालय नहीं है, जिसमें शायद आपने पहले पढ़ाई की होगी।
2. एनआईओएस में आपको संस्थान द्वारा दी गई स्व-अध्ययन सामग्री से स्वयं पढ़ना होगा। आपको अपनी अध्ययन सामग्री व पहचान पत्र अपने एवीआई से मिलेंगे।
3. आप अपनी अध्ययन सामग्री ध्यान से पढ़ें। यह सामग्री विशेष रूप से स्व-अध्ययन के लिए बनाई गई है। आप अपने नोट्स बनाइए, जहाँ समझ न आए वहाँ निशान लगाइए, और सामग्री में दिए गए निर्देशों का पालन कीजिए।
4. कृपया ध्यान दें कि व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम (पीसीपी) वैसी कक्षाओं की तरह नहीं होते, जिनमें आपने अपने स्कूलों में भाग लिया होगा। यहाँ आप अपने संदेह दूर कर सकते हैं; मार्गदर्शन ले सकते हैं और अपने लिखित कार्यों/परियोजनाओं/रिकॉर्ड पुस्तिकाओं की जाँच करा सकते हैं। आप पढ़ाई में सहायता के लिए अपने मित्र-समूह से भी मिलेंगे।
5. आपकी एवीआई आपके लिए प्रायोगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी आयोजन करेगी। यहाँ आपको अपने पाठ्यक्रमों में प्रायोगिक प्रशिक्षण प्राप्त होगा।
6. कृपया अपने एवीआई में पुस्तकालय, ऑडियो-वीडियो कार्यक्रमों और अन्य सुविधाओं का लाभ उठाइए।
7. आंतरिक मूल्यांकन और आपकी प्रायोगिक परीक्षाएँ आपके एवीआई पर ही आयोजित होंगी।
8. **आप अपना परीक्षा शुल्क (Exam Fees), क्षेत्रीय केन्द्र, पटना/अपने एवीआई के द्वारा या ऑन लाइन द्वारा समय पर जमा करें, जिससे आप परीक्षा में बैठने से वंचित न रह जाएँ।**
9. परीक्षा की तिथियों की जानकारी अपने एवीआई तथा क्षेत्रीय केन्द्र से लें।
10. आपको परीक्षाओं में बैठने के लिए एनआईओएस से एक हॉल टिकट भी दिया जाएगा।
11. परीक्षा परिणामों की घोषणा के बाद आपका परिणाम और प्रमाणपत्र आपके एवीआई को भेज दिए जाएँगे।

# 4 मूल्यांकन

एनआईओएस की मूल्यांकन प्रणाली में ऐसी बहुत सी सुविधाएँ हैं, जिनसे आप अपनी पढ़ाई अपनी सुविधा के अनुसार पूरी कर सकते हैं। मूल्यांकन प्रणाली का निर्माण आपकी समझ और कौशलों का व्यापक रूप में परीक्षण करने के लिए किया गया है, जिसमें प्रयोगात्मक तत्त्व पर अधिक ज़ोर है।

## 4.1 परीक्षा देने की स्वतंत्रता

आपको परीक्षा देने में जल्दी करने की आवश्यकता नहीं है। इसके बजाय, आप अपनी पढ़ाई अच्छी तरह से कीजिए और तभी परीक्षा दीजिए जब आप तैयार हों। **आपको अपना पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए 5 वर्षों में अधिकतम 9 अवसर प्राप्त होंगे।** आप अपने पाठ्यक्रम की आवश्यक अध्ययन अवधि और प्रायोगिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद कोई भी परीक्षा बिना किसी शर्त देने के लिए स्वतंत्र हैं।

## 4.2 मूल्यांकन का माध्यम

परीक्षाओं के लिए प्रश्नपत्र द्विभाषी अर्थात् हिन्दी और अंग्रेज़ी में होंगे। यद्यपि आप अपनी परीक्षाएँ हिन्दी, अंग्रेज़ी अथवा किसी भी अनुसूचित क्षेत्रीय भाषा में लिख सकते हैं, भले ही आपने प्रवेश के समय कोई अन्य माध्यम लिया हो।

## 4.3 मूल्यांकन: कुछ विशेषताएँ

एनआईओएस ने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की व्यावहारिक प्रवृति को ध्यान में रखते हुए मूल्यांकन की एक उपयुक्त विधि तैयार की है, जहाँ पाठ्यक्रम की पढ़ाई के दौरान हासिल किए गए कौशलों के परीक्षण पर अधिक जोर दिया गया है। बहुत से मामलों में निरंतर मूल्यांकन को सुनिश्चित करने के लिए आंतरिक मूल्यांकन भी आरंभ किया गया है। इस प्रकार मूल्यांकन के तीन तत्त्व हो सकते हैं:

1. प्रायोगिक परीक्षा
2. सिद्धांत परीक्षा
3. आंतरिक मूल्यांकन

### प्रायोगिक और सिद्धांत परीक्षाएँ

प्रायोगिक और सिद्धांत परीक्षाएँ नवंबर - दिसंबर माह में आयोजित की जाती हैं। प्रायोगिक परीक्षाएँ आपके एवीआई या अध्ययन केन्द्र पर ही आयोजित की जाती हैं।

### आंतरिक मूल्यांकन

आंतरिक मूल्यांकन समय-समय पर आयोजित परीक्षाओं, मौखिकी, मूल्यांकन कार्यों, परियोजनाओं आदि पर आधारित होता है। इनका आयोजन आपके एवीआई द्वारा किया जाता है।

## 4.4 परीक्षा और अन्य शुल्क

सार्वजनिक परीक्षा के पंजीकरण के लिए आपको निर्धारित समय के भीतर एवीआई में जाना होगा और परीक्षा शुल्क जमा कराना होगा। **कृपया परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए परिशिष्ट 'घ' में दिए गए फॉर्म का प्रयोग करें।** पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा शुल्क **रु. 300/- प्रति विषय/माड्यूल है और** कुल परीक्षा शुल्क रु. 900/- है। (जिसमें 3 विषय शामिल हैं) जिसमें सिद्धांत, प्रयोग और आंतरिक मूल्यांकन शामिल है। सभी शिक्षार्थियों को परीक्षा शुल्क देना होगा।

**कृपया ध्यान दें कि परीक्षा के लिए दिया गया शुल्क किसी भी परिस्थिति में न तो वापस किया जाएगा और न ही समायोजित किया जाएगा।**

**अन्य विविध शुल्क:**

| | |
|---|---|
| • प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति | रु. 200/- |
| • अंक सूची की दूसरी प्रति | रु. 200/- |
| • पहचान पत्र की दूसरी प्रति | रु. 100/- |
| • लेखक | रु. 100/-(प्रति सत्र) |
| • अंकों की पुन: जाँच | रु. 300/- (प्रति विषय) |
| • एनआईओएस प्रमाणपत्र का सत्यापन (निजी कंपनी अथवा प्रति शिक्षार्थी के लिए) | रु. 500/- |
| • अस्थायी प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति/माइग्रेशन प्रमाणपत्र अथवा अंक सूची तुरंत जारी करने के लिए | रु. 400/- |

## 4.5 उत्तीर्ण होने का मानदंड

कृपया ध्यान दें कि सभी भागों में अर्थात् सिद्धांत, प्रयोग और आंतरिक मूल्यांकन में अलग-अलग पास होना आवश्यक है।

यदि आप एक भाग (प्रयोग, सिद्धांत अथवा आंतरिक मूल्यांकन) में उत्तीर्ण होते हैं, तो उस भाग के आपके अंक एकत्रित रहेंगे। आपको अगली बार उस भाग की परीक्षा में बैठने की आवश्यकता नहीं है। आपको केवल शेष भाग(गों) में ही परीक्षा देनी होगी। **परन्तु आपको पूरा परीक्षा शुल्क देना होगा।**

## 4.6 क्रेडिट संचयन

आप परीक्षा देने के अनेक अवसर प्राप्त कर सकते हैं। एनआईओएस किसी मॉड्यूल विशेष के आपके अंकों या क्रेडिट को तब तक एकत्रित करता रहेगा, जब तक आप प्रमाणपत्र के लिए सभी आवश्यक मॉड्यूलों में उत्तीर्ण नहीं हो जाते।

## 4.7 सिद्धांत परीक्षा के अंकों की पुनः जाँच

यदि आप सार्वजनिक परीक्षा के परिणाम से संतुष्ट नहीं हैं, तो आप अंकों की जाँच के लिए परिणामों की घोषणा की तिथि से 30 दिनों में आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए आपको निर्धारित प्रोफार्मा पर अथवा सादे कागज पर आवेदन करना होगा और **निर्धारित शुल्क बैंक ड्राफ्ट के द्वारा एनआईओएस क्षेत्रीय केन्द्र, पटना को देना होगा।**

## 4.8 प्रमाणपत्र

परीक्षा परिणामों की घोषणा होते ही अंक सूची (Mark Statement) संबंधित एवीआई से ली जा सकती है। प्रमाणपत्र तीन से चार महीने के अंदर एवीआई या क्षेत्रीय कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

**कृपया ध्यान दें कि एनआईओएस अपने व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के शिक्षार्थियों को कोई माइग्रेशन प्रमाणपत्र नहीं देता।**

**आप निम्नलिखित कार्य अवश्य करें**

- विवरणिका को ध्यान से पढ़ें। भविष्य में संदर्भ के लिए इसे संभालकर रखें।
- आप स्वयं ही आवेदन फॉर्म भरें तथा नाम, पता, जन्मतिथि आदि के बारे में सही सूचनाएँ दें।
- यह सुनिश्चित करें कि आवेदन फॉर्म के साथ सभी आवश्यक कागज़ात संलग्न कर दिए गए हैं।
- प्रवेश के लिए निर्धारित शुल्क ही जमा करें और एवीआई या क्षेत्रीय कार्यालय से रसीदें प्राप्त करें।
- प्रवेश की पुष्टि होने के बाद अपने एवीआई या क्षेत्रीय कार्यालय से बिना कोई अतिरिक्त शुल्क दिए अध्ययन सामग्री प्राप्त करें।
- अपने एवीआई में उसके द्वारा निर्धारित समय सारणी के अनुसार व्यक्तिगत संपर्क कार्यक्रम तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण सत्र में भाग लें।
- परीक्षा के लिए सही समय पर पंजीकरण कराएँ।

### शिकायतों/समस्याओं हेतु संपर्क के लिए पता

हमें विश्वास है और हम आशा करते हैं कि एनआईओएस में अपने अध्ययन के दौरान आपको कोई समस्या अथवा शिकायत नहीं होगी।

अगर फिर भी कोई समस्या व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रम संबंधी किसी सुझाव अथवा स्पष्टीकरण के लिए, पहचान-पत्र न मिलने पर, अध्ययन सामग्री न मिलने पर तथा पढ़ाई संबंधी समस्याओं के लिए, परीक्षा तिथि और परीक्षा सूचना कार्ड आदि के लिए आप निम्नलिखित से संपर्क कर सकते हैं:-

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान<br>
क्षेत्रीय कार्यालय<br>
ललित भवन, निचली मंजिल<br>
जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड)<br>
पटना - 800 001, बिहार

अंक सूची और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आपको एवीआई से संपर्क करना होगा जो आपको अंक सूची और प्रमाणपत्र देगी। अंक सूची अथवा प्रमाणपत्र की दूसरी प्रति प्राप्त करने के लिए, कृपया आवश्यक शुल्क सहित निर्धारित फार्म पर आवेदन उपर्युक्त लिखे पते पर भेजें:

अपनी पढ़ाई के दौरान आपको एनआईओएस के बारे में अधिकांश जानकारी हमारी वेबसाइट से प्राप्त हो सकती है। कृपया इसका पूरा उपयोग करें : **www.nios.ac.in** • टोल फ्री नं. : **1800 180 9393**

मूल प्रति
ORIGINAL

फॉर्म संख्या / Form No.

परिशिष्ट – क

यहां फोटो चिपकाएँ जो कि समन्वयक द्वारा सत्यापित हो।
PASTE PHOTOGRAPH HERE OF THIS BOX SIZE DULY ATTESTED BY COORDINATOR

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
एवं
# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार
के संयुक्त तत्त्वाधान में
# सामुदायिक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
में नामांकन हेतु आवेदन पत्र

ckDl d vkdkj dk f'k{kFkh dk QkVk ;gk fpidk, tk lR;kfir u gkA
PASTE HERE PHOTOGRAPH OF THE STUDENT OF THE SIZE OF THIS BOX ONLY DO NOT ATTEST

f'k{kFkh d gLrk{kj Signature of the Student

## एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए
## (विषय कोड – 449, 450, 451)

Hkkx&d@ PART-A

Enrolment Number (To be given by office) ____________

1. शिक्षार्थी का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) / Full Name of Candidate in CAPITAL Letters ____________

2. पिता या अभिभावक का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) / Father's or Guardian's Name in CAPITAL Letters ____________

3. माता या हितैषी माता का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) / Mother's or Mentor Mother's Name in CAPITAL Letters ____________

4a. पत्र–व्यवहार के लिए पता (स्पष्ट अक्षरों में) / Postal Address in CAPITAL Letters

पता / Address ____________

जिला / District ____________

राज्य / State ____________ पिनकोड / Pincode ____________

ई–मेल / E-mail ____________

एसटीडी कोड / STD Code ______ दूरभाष / मोबाइल / Telephone/Mobile ____________

4b. आधार संख्या / Aadhaar No. ____________

5. जन्मतिथि / Date of birth
तिथि Date ____ माह Month ____ वर्ष year ______

6. लिंग / Gender ☐

7. श्रेणी / Category ☐

8. विकलांगता / Disability ☐

9. वंचित वर्ग / Disadvantaged Group ☐

10. अध्ययन का माध्यम / Medium of Study ☐

11. राष्ट्रीयता / Nationality ☐

12. धर्म / Religion ☐

13. आपकी पूर्व योग्यता
Your Previous Qualification
सही खाने में ☑ करें।
Put ☑ inside the Appropriate Box.

☐ X ☐ XII

14. दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष
Year of Passing X and XII Class Examination

दसवीं X ______ बारहवीं XII ______

(कृपया आवश्यकतानुसार संबंधित कागजात / प्रमाणपत्र अवश्य संलग्न करें) (Please enclose the relevent papers/certificates positively as necessary)

15. पाठ्यक्रम शुल्क की राशि / Amount of Course Fee paid to Secretary, NIOS payable at Patna : Rs. Five Thousand Only.
Bank Draft No. __________________, /Amount of Rs. 5000/-, Bank Draft Date __/__/____, Bank Name ________________________________

✂- - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - - -✂

(शिक्षार्थी को दी जाने वाली रसीद / Receipt to be given to the candidate)

Received application form alongwith Bank Draft No. ................ dt. ................ / Rs. ................. from Mr./Ms. ........................................................ for सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम / Community Health Certificate Course(s)/Code(s) 449, 450, 451.

समन्वयक/क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के हस्ताक्षर मुहर सहित /
Signature of Coordinator/Regional Centre, Patna with Stamp

## भाग-ख@ PART-B

16. नीचे दी गई सूचनाएं सही-सही भरें। उपयुक्त बाक्स में (✓) चिह्न लगाएँ।
Please fill in the following information correctly. Put tick mark (✓) in appropriate box.

| Year/s of Experience in Health Sector / स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभव | ☐ 3-5 years | ☐ More than 5 Years |
|---|---|---|

## 17. आवेदक की घोषणा ( सभी आवेदकों द्वारा भरा जाएगा )/ DECLARATION/CERTIFICATE BY APPLICANT (TO BE FILLED BY ALL APPLICANT)

I hereby declare that I have read and understood the conditions of eligibility and I fulfill the criteria for the course for which I seek admission. I have furnished all the necessary documents and information correctly. I have filled this form in my own handwriting. I understand that my candidature is liable to be cancelled by NIOS in the event of any information or document is to be found misleading/ incorrect/fake at any stage. I accept the rules as laid down in the Prospectus. मै घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने वे सभी शर्तो को पढ़कर समझ लिया हैं जिस पाठ्यक्रम के लिए मैं आवेदन कर रहा/रहीं हूँ । मैने यह आवेदन फार्म स्वयं भरा है। मैं जानता/जानती हूँ कि यदि ये सूचनाएँ गलत या भ्रम डालने वाली होती हैं तो राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान द्वारा मेरी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकती है। मैं विवरणिका में दिए गए सभी नियमों का पालन करुँगा/करुँगी।

शिक्षार्थी के हस्ताक्षर/Signature of Candidate                दिनांक / Date ........................................

### संलग्नकों की जाँच कीजिए, सही का निशान ( ✓ ) लगाएँ / CHECK THE ENCLOSURES, Please Tick (✓)

1. मूल प्रवेश फार्म / Original Admission Form ☐
2. प्रवेश फार्म की दूसरी प्रति Duplicate copy of Admission Form ☐
3. बैंक ड्राफ्ट (पाठ्यक्रम शुल्क) रु. 5000/- Bank Drafts Rs.5000/ - (Course Fee) / ☐
4. स्वयं सत्यापित की हुई जाति प्रमाण पत्र की कॉपी/Self attested copy of Caste Certificate as per guidelines) ☐
5. दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र की सत्यापित कॉपी / Self attested Copy of Mark sheet of Class X Board Examination ☐
6. Copy of Experience Certificate/अनुभव प्रमाण पत्र की कॉपी ☐
7. Two recent colour photographs / हाल ही के दो रंगीन फोटो ☐
8. Address Proof/पता का प्रमाण ☐
9. Affidavit as per guidelines/ दिशानिर्देशों अनुसार शपथ पत्र ☐

### केवल कार्यालय के उपयोग के लिए / For Office use only
### आवेदक का प्रमाण पत्र / Certificate From Applicant

उपरोक्त तथ्यों को एनआईओएस/सी.बी.एस.ई / सी.आई.एस.सी.ई / संबंधित राज्य बोर्ड / राज्य मुक्त विद्यालयी शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी संलग्न अंकसूची / प्रमाण-पत्र से सत्यापित कर लिया गया है।
Above Statements have been verified with the enclosed Marksheet/Certificate issued by Board/Organization concerned.

Verified by Admission In-charge.        अनुभाग अधिकारी/Section Officer        Date : ..................................................

## महत्त्वपूर्ण सूचना

- **न्यूनतम योग्यता - मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास ।**
- **स्वास्थ्य के क्षेत्र में 3 से 5 वर्षों का अनुभव।**
- **नामाकंन/आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 31.10..2015 तक है।**
- **नामांकन पत्र में सारी प्रवृष्टियाँ स्पष्ट अक्षरों में अंकित होना चाहिए।**
- **पावती रसीद को अवश्य लें और उसे संभाल कर रखे।**
- **नामांकन पत्र में प्रवृष्टि तथा अधिक जानकारी के लिए विवरणिका का प्रयोग करें। विवरणिका का मूल्य 50 रूपये है।**

भरे हुए नामांकन /आवेदन पत्र के साथ जरूरी कागजात संलग्न कर विवरणिका में दिए गय पते पर जमा करें / The filled in Application Form with all supporting documents must be submitted at the address given in Prospectus.

दूसरी प्रति
DUPLICATE

फॉर्म संख्या / Form No.

परिशिष्ट - ख

यहां फोटो चिपकाएँ जो कि समन्वयक द्वारा सत्यापित हो।
PASTE PHOTOGRAPH HERE OF THIS BOX SIZE DULY ATTESTED BY COORDINATOR

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)
एवं
# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार
के संयुक्त तत्त्वाधान में
# सामुदायिक स्वास्थ्य प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम
में नामांकन हेतु आवेदन पत्र

ckDl dk vkdkj dk f'k{kkFkh dk QksVks ;gk¡ fpidk,¡ tks lR;kfir u gkA
PASTE HERE PHOTOGRAPH OF THE STUDENT OF THE SIZE OF THIS BOX ONLY DO NOT ATTEST

f'k{kkFkh dk gLrk{kj Signature of the Student

## एक वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए
## (विषय कोड - 449, 450, 451)

Hkkx&d@ PART-A

Enrolment Number (To be given by office)

1. शिक्षार्थी का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) / Full Name of Candidate in CAPITAL Letters

2. पिता या अभिभावक का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) / Father's or Guardian's Name in CAPITAL Letters

3. माता या हितैषी माता का पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) / Mother's or Mentor Mother's Name in CAPITAL Letters

4a. पत्र–व्यवहार के लिए पता (स्पष्ट अक्षरों में) / Postal Address in CAPITAL Letters

पता / Address

जिला / District

राज्य / State  पिनकोड / Pincode

ई–मेल / E-mail

एसटीडी कोड / STD Code  दूरभाष / मोबाइल / Telephone/Mobile

4b. आधार संख्या / Aadhaar No.

5. जन्मतिथि / Date of birth
तिथि Date  माह Month  वर्ष year

6. लिंग / Gender

7. श्रेणी / Category

8. विकलांगता / Disability

9. वंचित वर्ग / Disadvantaged Group

10. अध्ययन का माध्यम / Medium of Study

11. राष्ट्रीयता / Nationality

12. धर्म / Religion

13. आपकी पूर्व योग्यता  सही खाने में ☑ करें।
Your Previous Qualification  Put ☑ inside the Appropriate Box.

☐ X  ☐ XII

14. दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण करने का वर्ष
Year of Passing X and XII Class Examination
दसवीं X  बारहवीं XII

(कृपया आवश्यकतानुसार संबंधित कागजात / प्रमाणपत्र अवश्य संलग्न करें) (Please enclose the relevent papers/certificates positively as necessary)

15. पाठ्यक्रम शुल्क की राशि / Amount of Course Fee paid to Secretary, NIOS payable at Patna : Rs. Five Thousand Only.
Bank Draft No. ________________, /Amount of Rs. 5000/-, Bank Draft Date __/__/____, Bank Name ______________________________

(शिक्षार्थी को दी जाने वाली रसीद / Receipt to be given to the candidate)

Received application form alongwith Bank Draft No. ................ dt. ................ / Rs. ................. from Mr./Ms. ........................................................ for सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम / Community Health Certificate Course(s)/Code(s) 449, 450, 451.

समन्वयक/क्षेत्रीय कार्यालय, पटना के हस्ताक्षर मुहर सहित /
Signature of Coordinator/Regional Centre, Patna with Stamp

## भाग-ख@ PART-B

16. नीचे दी गई सूचनाएं सही-सही भरें। उपयुक्त बाक्स में (✓) चिह्न लगाएँ।
Please fill in the following information correctly. Put tick mark (✓) in appropriate box.

| | | |
|---|---|---|
| Year/s of Experience in Health Sector / स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभव | ☐ 3-5 years | ☐ More than 5 Years |

## 17. आवेदक की घोषणा ( सभी आवेदकों द्वारा भरा जाएगा )/ DECLARATION/CERTIFICATE BY APPLICANT (TO BE FILLED BY ALL APPLICANT)

I hereby declare that I have read and understood the conditions of eligibility and I fulfill the criteria for the course for which I seek admission. I have furnished all the necessary documents and information correctly. I have filled this form in my own handwriting. I understand that my candidature is liable to be cancelled by NIOS in the event of any information or document is to be found misleading/ incorrect/fake at any stage. I accept the rules as laid down in the Prospectus. मै घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने वे सभी शर्तो को पढ़कर समझ लिया हैं जिस पाठ्यक्रम के लिए मैं आवेदन कर रहा/रहीं हूँ । मैने यह आवेदन फार्म स्वयं भरा है। मैं जानता/जानती हूँ कि यदि ये सूचनाएँ गलत या भ्रम डालने वाली होती हैं तो राष्ट्रीय मुक्त विद्यालय शिक्षा संस्थान द्वारा मेरी उम्मीदवारी समाप्त की जा सकती है। मैं विवरणिका में दिए गए सभी नियमों का पालन करुँगा/करुँगी।

शिक्षार्थी के हस्ताक्षर/Signature of Candidate    दिनांक / Date .......................................

## संलग्नकों की जाँच कीजिए, सही का निशान ( ✓ ) लगाएँ / CHECK THE ENCLOSURES, Please Tick (✓)

1. मूल प्रवेश फार्म / Original Admission Form ☐
2. प्रवेश फार्म की दूसरी प्रति
   Duplicate copy of Admission Form ☐
3. बैंक ड्राफ्ट (पाठ्यक्रम शुल्क) रु. 5000/-
   Bank Drafts Rs.5000/ - (Course Fee) / ☐
4. स्वयं सत्यापित की हुई जाति प्रमाण पत्र की कॉपी/Self attested copy of Caste Certificate as per guidelines) ☐
5. दसवीं कक्षा के प्रमाण पत्र की सत्यापित कॉपी /
   Self attested Copy of Mark sheet of Class X Board Examination ☐
6. Copy of Experience Certificate/अनुभव प्रमाण पत्र की कॉपी ☐
7. Two recent colour photographs /
   हाल ही के दो रंगीन फोटो ☐
8. Address Proof/पता का प्रमाण ☐
9. Affidavit as per guidelines/
   दिशानिर्देशों अनुसार शपथ पत्र ☐

## केवल कार्यालय के उपयोग के लिए / For Office use only
## आवेदक का प्रमाण पत्र / Certificate From Applicant

उपरोक्त तथ्यों को एनआईओएस/सी.बी.एस.ई / सी.आई.एस.सी.ई / संबंधित राज्य बोर्ड / राज्य मुक्त विद्यालयी शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी संलग्न अंकसूची / प्रमाण-पत्र से सत्यापित कर लिया गया है।
Above Statements have been verified with the enclosed Marksheet/Certificate issued by Board/Organization concerned.

Verified by Admission In-charge.    अनुभाग अधिकारी/Section Officer    Date : ................................................

## महत्त्वपूर्ण सूचना

- **न्यूनतम योग्यता - मान्यता प्राप्त बोर्ड से दसवीं पास ।**
- **स्वास्थ्य के क्षेत्र में 3 से 5 वर्षो का अनुभव।**
- **नामाकंन/आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख 31.10..2015 तक है।**
- **नामांकन पत्र में सारी प्रवृष्टियाँ स्पष्ट अक्षरों में अंकित होना चाहिए।**
- **पावती रसीद को अवश्य लें और उसे संभाल कर रखे।**
- **नामांकन पत्र में प्रवृष्टि तथा अधिक जानकारी के लिए विवरणिका का प्रयोग करें। विवरणिका का मूल्य 50 रूपये है।**

भरे हुए नामांकन /आवेदन पत्र के साथ जरूरी कागजात संलग्न कर विवरणिका में दिए गय पते पर जमा करें / The filled in Application Form with all supporting documents must be submitted at the address given in Prospectus.

# प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म भरने हेतु निर्देश

## सामान्य निर्देश

1. प्रवेश के लिए विवरणिका में दिए गए (अथवा एनआईओएस वेबसाइट से डाउनलोड किए गए) प्रवेश फार्मों पर ही आवेदन करें।
2. फॉर्म दो प्रतियों मूल एवं दूसरी प्रति में उपलब्ध हैं। फॉर्म की दोनों प्रतियों में समान विवरण भरें। यदि उनमें कोई अंतर पाया गया, तो मूल फार्म में भरा गया विवरण ही अंतिम माना जाएगा।
3. कृपया फॉर्म भरने से पहले अपनी योग्यता सुनिश्चित कर लें। यदि आप योग्यता के मानदंड को पूरा नहीं करते हैं, तो आपको प्रवेश नहीं मिलेगा तथा पाठ्यक्रम शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और आपको सूचित भी नहीं किया जाएगा।
4. कृपया सूचनाएँ केवल **अंग्रेजी** या **हिंदी** में साफ अक्षरों में भरें। एक बार लिखकर उस पर फिर से लिखने से बचें।
5. नाम, पिता के नाम आदि के भागों के बीच एक बॉक्स रिक्त छोड़ दें। किसी भी नाम के आगे श्रीमान, श्रीमती, श्री, कुमारी आदि न लिखें।
6. जो आवेदन फॉर्म अधूरे होंगे अथवा आवश्यक दस्तावेज के बिना होंगे, उन्हें अस्वीकार कर दिया जाएगा और शुल्क लौटाया नहीं जाएगा।

**आप अपना आवेदन फॉर्म और शुल्क उसी एवीआई या क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में ही जमा करें जहाँ आप प्रवेश लेना चाहते हैं और उसकी रसीद भी लें।**

## विशेष निर्देश

### फार्म का भाग 'क'

आपको दोनों आवेदन फॉर्म पर अपने दो दो पासपोर्ट आकार के फोटो लगाने होंगे। फॉर्म के बाईं ओर चिपकाई गई फोटो को निम्नलिखित व्यक्तियों में से किसी एक से सत्यापित कराना होगा -

- एनआईओएस के एवीआई के समन्वयक/Coordinator.
- मान्यताप्राप्त विद्यालय/महाविद्यालय अथवा संस्था के प्रधानाचार्य
- ज़िला मजिस्ट्रेट
- राजपत्रित अधिकारी
- ग्राम पंचायत का प्रधान/अध्यक्ष, पंचायत समिति/अध्यक्ष, जिलापरिषद्
- ग्राम सरपंच/ तहसीलदार

दाईं ओर की फोटो पर कोई निशान नहीं होना चाहिए, क्योंकि यह रिकॉर्ड के लिए स्कैन किया जाएगा। फोटो निर्धारित किए गए बॉक्स में ठीक से आनी चाहिए।

इसके नीचे दिए गए खाने में हस्ताक्षर करें। इस बॉक्स से बाहर हस्ताक्षर न करें।

1. **शिक्षार्थी का नाम :** आप अपना नाम पिछले विद्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार ही लिखें।

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| M | O | H | A | N | | K | U | M | A | R | | | | | | | | | | | | | |

2-3. **माता-पिता का नाम :** आप अपने माता-पिता का नाम **अंग्रेजी के बड़े वर्णों में लिखें,** जैसा कि नीचे उदाहरण में दिया गया है। नाम से पहले श्री, श्रीमती अथवा सुश्री न लिखें।

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| K | A | M | A | L | | K | U | M | A | R | | | | | | | | | | | | | |

आपके माता-पिता का नाम आपके पिछले रिकॉर्ड से मेल खाता हो। यह आपके प्रमाणपत्र में लिखा जायेगा। बाद में इसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

4क. **पत्र-व्यवहार का पता :** आप अपना पूरा पता, मकान नंबर, पिता का नाम (यदि आवश्यक हो), वार्ड नं., ग्राम और डाक घर, तहसील, ज़िला, राज्य और पिन कोड आदि सभी कुछ लिखें। **शिक्षार्थी द्वारा अधूरा पता देने पर यदि कोई भी मद/पत्र/ सामग्री सही स्थान पर न पहुँचे, तो एनआईओएस इसका जिम्मेदार नहीं होगा।**

4ख. कृपया अपना आधार संख्या भरें।

5. **जन्मतिथि :** आप अपनी जन्मतिथि केवल संख्याओं में सही–सही लिखें। उदाहरण के लिए, 5 अगस्त 1967 के स्थान पर 05.08.1967 लिखें। **आवेदन फॉर्म के साथ जन्मतिथि की पुष्टि के लिए आवश्यक दस्तावेज़ की सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।**

| 1 | 9 | | 0 | 6 | | 1 | 9 | 8 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तिथि | | | महीना | | | वर्ष | | | |

6. **लिंग :** दिए गए कॉलम में पुरुष के लिए 1 और महिला के लिए 2 लिखें।

7. **वर्ग :** दिए गए कॉलम में सामान्य के लिए 1, अनुसूचित जाति के लिए 2, अनुसूचित जनजाति के लिए 3, पूर्व सैनिक के लिए 4, और विकलांग के लिए 5 और ओबीसी (अन्य पिछड़े वर्ग) के लिए 6 लिखें।

8. **अक्षमता :** दिए गए कॉलम में ''हाथ-पैर संबंधित अक्षमता'' के लिए 1, देखने में अक्षमता'' के लिए 2, ''सुनने में अक्षमता'' के लिए 3, ''कुष्ठ रोग से युक्त'' के लिए 4, ''मानसिक रूप से अविकसित'' के लिए 5, ''मानसिक रोग से ग्रस्त'' के लिए 6, अनेक अक्षमता के लिए 7, मस्तिष्क संबंधी पक्षाघात के लिए 8 , सीखने में अक्षमताओं के लिए 9, और ''लागू नहीं'' के लिए 10 लिखें।

9. **वंचित समूह :** दिए गए कॉलम में ''फुटपाथ पर रहने वाले बच्चों'' के लिए 1, ''कामगार बच्चों'' के लिए 2, ''ग्रामीण महिला'' के लिए 3, झुग्गी में रहने वालों के लिए 4 तथा ''लागू नहीं'' के लिए 5 लिखें।

10. **अध्ययन का माध्यम :** दिए गए बॉक्स में ''हिन्दी माध्यम'' के लिए 1 और ''अंग्रेजी माध्यम'' के लिए 2 लिखें।

11. **राष्ट्रीयता :** दिए गए बॉक्स में ''भारतीय'' के लिए 1 और ''किसी अन्य'' के लिए 2 लिखें।

12. **धर्म :** हिंदू के लिए 1, मुस्लिम के लिए 2, ईसाई के लिए 3, सिक्ख के लिए 4, जैन के लिए 5, बौद्ध के लिए 6, पारसी के लिए 7 लिखें।

13. **आपकी पूर्व शैक्षिक योग्यता :** कृपया उपयुक्त बॉक्स में (✓) का निशान लगाएँ। **शैक्षिक योग्यताओं के प्रमाण के रूप में अंक सूची की सत्यापित प्रति संलग्न करें।**

14. **दसवीं/बारहवीं की बोर्ड परीक्षा पास करने का वर्ष :** उस बोर्ड का नाम लिखें, जहाँ से आपने परीक्षा पास की है।

15. **जमा किए गए पाठ्यक्रम शुल्क की राशि :** जमा किए गए पाठ्यक्रम शुल्क जो कि रु. 5000/- है का विवरण भरें। **एनआईओएस द्वारा निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त कोई और शुल्क जमा नहीं कराएँ।**

**फार्म का भाग 'ख'**

16. कृपया स्वास्थ्य क्षेत्र में अनुभव के बारे में लिखें।

17. उपयुक्त स्थान पर शिक्षार्थी के हस्ताक्षर तिथि सहित किए जाएँ।

# राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
# National Institute of Open Schooling

## परीक्षा शुल्क जमा करने के लिए आवेदन पत्र

### सामुदायिक स्वास्थ्य प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम की परीक्षा में बैठने के लिए आवेदन पत्र

*Form for appearing in Community Health Certificate Course Examination of NIOS*

केवल नकद और राष्ट्रीयकृत बैंकों के बैंक ड्राफ्ट ही स्वीकार किए जाते हैं।
चैक/भारतीय पोस्टल आर्डर स्वीकार नहीं किए जाएँगे।
Only Cash/Bank Drafts from Nationalised Banks are acceptable.
Cheques/Indian postal Orders are not acceptable.

कृपया वे विषय भरें जिनकी परीक्षा में आप बैठना चाहते हैं।
Please fill correctly the subjects in which you desire to appear in the Examination.

| | कोड नं/*Code No.* | विषय/*Subject* |
|---|---|---|
| 1. | | ...................................... |
| 2. | | ...................................... |
| 3. | | ...................................... |

1. नामांकन संख्या/Enrolment No.

2. पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) /Full Name in (Block Letters)

3. पता/Address ....................................
.................................................
.................................................
पिन कोड/PIN CODE

**परीक्षा शुल्क 300/- प्रति विषय (कुल परीक्षा शुल्क 900 रु. 3 विषयों के लिए)**
**Exam. fee Rs. 300/- per subject (total exam fees Rs. 900 for 3 subjects).**

*शिक्षार्थी के हस्ताक्षर / Signature of the Candidate*

+ शिक्षार्थी परीक्षा शुल्क, 'सचिव' एनआईओएस' के पक्ष में देय तथा एवीआई/क्षेत्रीय केन्द्र पर ड्राफ्ट/नगद के साथ परीक्षा फॉर्म जमा कर सकते हैं।
+ Candidate can deposit his/her exam fees at the AVI/Regional Centre (RC) by submitting examination form alongwith Cash/Bank Draft drawn in favour of "Secretary", NIOS, payable at Patna.

* शिक्षार्थी अपने परीक्षा केंद्र के बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए अपने एवीआई/क्षेत्रीय केद्र से संपर्क करें। यदि कोई शिक्षार्थी निर्धारित परीक्षा केंद्र के अतिरिक्त किसी दूसरे परीक्षा केंद्र से परीक्षा में बैठता है तो उसका परीक्षाफल घोषित नहीं किया जाएगा।
  Student may contact his/her AVI/RC or NIOS for information regarding his/her examination centre. If a candidate appears from an exam. centre other than the one allotted to him on his own, his result will be withheld.
* निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा/Application form will not be accepted after the prescribed date.

fVIi.kh@NOTE. i) अपूर्ण/गलत सूचना वाले परीक्षा फार्म को अस्वीकार कर दिया जाएगा। Examination form with incomplete/wrong information shall be rejected.
ii) जो लागू न हो उसे काट दें। Strike off whichever is not applicable.

---

## रसीद (शिक्षार्थी को दी जाए)/RECEIPT (TO BE ISSUED TO THE STUDENT)

निम्नलिखित विषय कोडों के लिए राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान की सामुदायिक स्वास्थ्य में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम परीक्षा के लिए श्री/सुश्री ...................... ....................................................................से नामांकन सं. ............................... परीक्षा फार्म के साथ ...................................... रु. शुल्क प्राप्त किया।

Received examination form alongwith fee of Rs. ............................... from Sh./Ms. .............................. Enrolment No. ...................................... for 'Community Health Certificate Course' Examination of National Institute of Open Schooling in the following subject Codes :

दिनांक/Date: ..............................

हस्ताक्षर/Signature
समन्वयक/क्षेत्रीय केन्द्र, पटना / Coordinator/RC, Patna
एवीआई सं./AVI No.

## राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस)

(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था)

एवं

## राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार सरकार

के संयुक्त तत्त्वाधान में

## 'सामुदायिक स्वास्थ्य' प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम के नामांकन हेतु

# शपथ पत्र

मैं ........................................................................ पुत्र/पुत्री ......................................................................

आयु ................................................ पता ..............................................................................................

..............................................................................................................................................................

**''शपथ लेता/लेती हूँ कि एक वर्षीय 'सामुदायिक स्वास्थ्य' प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम में नामांकन हेतु आवेदन पत्र में जो सूचनाऐं मेरे द्वारा दी गई हैं, वे पूर्णतः सही हैं एवं कोई भी सूचना या कागज़ात गलत प्रस्तुत नहीं किये गए हैं।''**

मेरे द्वारा दी गई कोई भी सूचना तथा संलग्न प्रमाणपत्र/अंकपत्र/अनुभव प्रमाणपत्र/कागजात यदि गलत पाया जाता है तो मेरा नामांकन रद्द कर दिया जाये यदि ऐसा होता है तो में नामांकन हेतु जमा की गई राशि को प्राप्त करने हेतु कोई दावा नहीं करूँगा/करूँगी। इसके अलावा मेरे विरूद्ध किसी भी प्रकार की कानूनी कारवाई संस्थान द्वारा की जा सकती है।

यहाँ फोटो चिपकाएँ जो कि स्वयं द्वारा सत्यापित हो

PASTE PHOTOGRAPH HERE OF THIS BOX SIZE DULY ATTESTED BY YOURS SELF

(आवेदक का नाम हस्ताक्षर सहित)

दूरभाष ..............................................................

मो. न. ...............................................................

ई - मेल .............................................................

शपथ पत्र (समाहर्ता/अपर समाहर्ता/अनुमंडल पदाधिकारी/कार्यपालक दंडाधिकारी/न्यायिक पदाधिकारी) द्वारा निर्गत होना आवश्यक है जिसमें **''आवेदक द्वारा दी गई सभी सूचनाएँ सही हैं तथा भविष्य में गलत पाए जाने पर आवेदक के विरूद्ध कानूनी प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।''**

**(शपथ पत्र को नियमानुसार शुल्क के स्टाम्प पेपर पर स्वयं द्वारा सत्यापित कर जमा कराएँ।)**

# टिप्पणियाँ

1. प्रावधानों, व्यवहारों और नियमों की व्याख्या में उत्पन्न संदेह की स्थिति में अध्यक्ष, एनआईओएस का निर्णय अंतिम होगा।


2. एनआईओएस के पास इन नियमों में संशोधन, सुधार अथवा परिवर्तन का अधिकार सुरक्षित है और यह अधिसूचना द्वारा प्रभाव में लाया जाएगा। एक बार अधिसूचित होने पर इसे लागू माना जाएगा।

3. निर्धारित अंतिम तिथि यदि सार्वजनिक अवकाश, शनिवार, रविवार को होगी, तो इसके लिए अगला कार्य दिवस स्वतः ही अंतिम तिथि मानी जाएगी।

4. इन प्रावधानों, व्यवहारों और नियमों अथवा इनसे उत्पन्न मामलों के अनुपालन से उत्पन्न कोई भी विवाद केवल दिल्ली के न्यायालयों में निपटाए जायेंगे।

5. जहाँ तक संभव हो, सही सूचना प्रदान करने का ध्यान रखा जा रहा है। फिर भी यदि विवरणिका के मुद्रण और प्रकाशन के दौरान अनजाने में कोई त्रुटि रह गई है, तो इसके लिए एनआईओएस जिम्मेदार नहीं होगा।

सचिव, राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान, ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर-62, नोएडा-201309 द्वारा प्रकाशित एवं मैसर्स गीता ऑफसेट प्रिंटर्स प्रा.लि., नई दिल्ली-110020 द्वारा मुद्रित।




**क्षेत्रीय कार्यालय**

ललित भवन, निचली मंजिल
जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड)
पटना-800001, बिहार
फोन : 0612-2545051, 9204797940
फैक्स : 0612-2545470
ई-मेल : rcpatna@nios.ac.in

**मुख्यालय**

ए-24-25, इंस्टीट्यूशनल एरिया
सेक्टर-62, नोएडा-201309,
उत्तर प्रदेश

वेबसाइट : www.nios.ac.in, टोल फ्री नं. : 1800 180 9393


**मूल्य : 50 रु.**